भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 864

जिसका उत्तर 23.07.2026 को दिया जाना है

एनएच-373 का उन्नयन

†864. श्री श्रेयस एम. पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कर्नाटक के हासन जिले में आर्सिकेरे और हुलियार के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-373 की जर्जर स्थिति से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एनएच-373 के इस खंड के सुदृढ़ीकरण, चौड़ीकरण, पुनर्निर्माण या व्यापक उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो अनुमानित परियोजना लागत, सड़क की लंबाई, वित्तपोषण के तरीके और अनुमोदन तथा इसके पूरा होने की संभावित समय-सीमा सहित इस प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या एनएच-373 के आर्सिकेरे -हुलियार खंड के लिए कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), तकनीकी सर्वेक्षण या स्थिति का आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) स्थायी पुनर्निर्माण पूरा होने तक इस खंड पर गड्ढों की मरम्मत करने, सड़क सुरक्षा में सुधार करने, जल निकासी को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या अंतरिम उपाय किए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड़) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से देश के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। आर्सिकेरे से हुलियार तक का खंड एनएच-373 पर नहीं पड़ता है। हासन जिले में आर्सिकेरे और हुलियार को आर्सिकेरे से पंचनहल्ली हैंड पोस्ट (33 किमी) तक राज्यीय राजमार्ग एसएच-102 द्वारा और आगे पंचनहल्ली हैंड पोस्ट से हुलियार (20 किमी) तक एनएच-69 द्वारा जोड़ा गया है। एनएच-69 का खंड पंचनहल्ली हैंड पोस्ट से हुलियार तक 2 लेन का है जिसमें पेव्ड शोल्डर (20 किमी) हैं और अच्छी स्थिति में है। एनएच-373 की स्थिति अनुलग्नक-क में है।

अनुलग्नक-क

एनएच-373 के उन्नयन के संबंध में श्री श्रेयस एम पटेल द्वारा दिनांक 23.07.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 864 के भाग (क) से (ड़) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

से (किमी)	**तक (किमी)**	**वर्तमान स्थिति**
0.000 (एआईटी सर्कल)	3.800 (हिरेमागलुरु)	4 लेन + पेव्ड शोल्डर0 का निर्माण राज्य पर्यटन विभाग द्वारा किया गया है। वर्तमान में यह खंड 09.04.2027 तक अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (एसटीएमसी) के अंतर्गत आता है।
3.800 (हिरेमागलुरु)	4.200 (हिरेमागलुरु आरओबी)	वर्तमान में यह खंड 09.04.2027 तक एसटीएमसी के अंतर्गत आता है।
4.200 (हिरेमागलुरु)	5.050 (कार्तिकरे)	एसटीएमसी का कार्य मई 2026 में समाप्त हो गया, खंड को रखरखाव के लिए विशेष मरम्मत के माध्यम से घिसावदार ऊपरी परत का नवीकरण करने का प्रस्ताव किया गया है।
5.050 (कार्तिकरे)	24.560 (बेलूर)	विशेष मरम्मत प्रस्तावित है।
24.560 (बेलूर)	58.125 (हासन)	16.02.2025 को किमी 25.00 से किमी 58.60 तक 4लेन+पेव्ड शोल्डर चौड़ीकरण का कार्य सौंपा गया है। वर्तमान में इस खंड को एसटीएमसी के माध्यम से बनाए रखने का प्रस्ताव है।
58.125 (हासन)	93.680 (होलेनारसिपुरा)	यह खंड 4लेन + पेव्ड शोल्डर वाला है जिसके लिए 31.03.2026 को प्रदर्शन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) स्वीकृत किया गया है और यह निविदा चरण के अधीन है।
93.680 (होलेनारसिपुरा)	105.780 (येदेगौदानहल्ली)	यह खंड 2लेन + पेव्ड शोल्डर वाला है जिसके लिए एसटीएमसी मंजूरी के अधीन है।
105.780 (येदेगौदानहल्ली)	128.080 (अर्जुनहल्ली)	24.06.2026 को विशेष मरम्मत कार्य को मंजूरी दी गई है।
128.080 (अर्जुनहल्ली)	151.330 (बिलिकेरे)	24.06.2026 को विशेष मरम्मत कार्य को मंजूरी दी गई है।

*****